प्रिय बन्धुवर,

जय जिनेश्वर देव

श्री आत्मानन्द जैन गुरूकुल पंजाब एजुकेशनल सोसायटी (गुजरांवाला) अम्बाला शहर की गर्वनिंग बाडी की मीटिंग दिनांक 25.04.2025 को हुई। उपरोक्त मीटिंग में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि आगामी चुनावों के मद्देनजर सोसायटी की जीवन सदस्यता खोली जाए। एतद पत्र द्वारा आप सबको सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति जिसकी आयु 31 मई 2025 तक 21 वर्ष हो जायेगी और जो स्वयं या जिसके पिता जी श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ, अम्बाला के सदस्य है और जिसका स्थायी निवास वर्तमान में आधार कार्ड पर दिए पते के अनुसार अम्बाला शहर या अम्बाला छावनी का है वे उपरोक्त सोसायटी के आजीवन सदस्य बनने के लिए 01 जून 2025 से 30 जून 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र स्कूल कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। (रविवार अवकाश रहेगा)

आवेदन पत्र स्कूल की वैबसाईट www.sajainmodel.com पर भी उपलब्ध होगा। आवेदन भरने के बाद इसे 30 जून 2025 दोपहर 1:00 बजे तक स्कूल कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है। आवेदन पत्र डाक द्वारा स्कूल के पते पर प्रेषित भी किया जा सकता है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित को भी संलगित करेंः–

1. 101 रूपये (One Hundred One only) का चैक/पे आर्डर जोकि उपरोक्त सोसायटी के नाम देय होगा।
2. आधार कार्ड की स्वयं द्वारा सत्यापित कापी।

   आधार कार्ड पर जन्म तिथि एवं निवास पता होना आवश्यक है। अगर आधार कार्ड पर जन्म तिथि का उल्लेख नहीं है तो जन्म तिथि के प्रमाण के लिए कोई अन्य दस्तावेज जैसेः– दसवीं का सर्टिफिकेट इत्यादि संलगित करे।

अधूरा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अन्तिम अधिकार गर्वनिंग बाडी द्वारा अधिकृत स्क्रीनिंग कमेटी का होगा। किसी संशय की स्थिति में आप अद्योहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद

आपका

डॉ0 विनित जैन
(सचिव)